PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Business Bhaskar, Faridabad
Thursday 10th April 2014, Page: 5
Width: 12.51 cms, Height: 18.72 cms, a4, Ref: pmin.2014-04-10.54.62

# रैनबैक्सी के स्टॉक मूवमेंट की छानबीन करेगा सेबी

बिजनेस भास्कर/एजेंसियां ▶ नई दिल्ली/मुंबई...

पूंजी बाजार नियामक सिक्युरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) सन फार्मा व रैनबैक्सी लैबोरेट्रीज के बीच हुए सौदे से पहले के कुछ दिनों के दौरान इनके शेयरों में हुए मूवमेंट की जांच करेगा। सन फार्मा ने सोमवार को रैनबैक्सी लैब को 3.2 अरब डॉलर में खरीदने की घोषणा की थी। सोमवार के पहले के कुछ सत्रों के दौरान रैनबैक्सी के शेयरों में भारी तेजी देखी गई थी, जिसे इस सौदे से जोड़कर देखा जा रहा है। इस बारे में भारतीय ब्रोकरों के एक संगठन ने सेबी से जांच करने का आग्रह भी किया था।

सेबी के एक आला अधिकारी ने बताया कि हमें इस बारे में कई शिकायतें मिली हैं। हम स्टॉक एक्सचेंजों से रैनबैक्सी व सन फार्मा के शेयरों में हुए खरीद-फरोख्त के सौदों का विस्तृत विवरण मंगाएंगे। हालांकि, इस बारे में न तो सेबी की तरफ से और न ही बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। सोमवार से पहले के तीन कारोबारी सत्रों के दौरान रैनबैक्सी के शेयरों में 24 फीसदी का भारी उछाल दर्ज किया गया था।

बुधवार को बीएसई पर सन फार्मा के शेयर का भाव 6.81 फीसदी की बढ़त के साथ 627.80 रुपये पर और रैनबैक्सी के शेयर का भाव 4.90 फीसदी की बढ़त के साथ 467 रुपये पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय इनका पूंजीकरण क्रमशः 1,30,023 करोड़ रुपये और 19,790 करोड़ रुपये पर दर्ज किया गया।सन फार्मा ने सोमवार को घोषणा की थी कि यह रैनबैक्सी लैब को एक शेयर-स्वैप डील के तहत खरीदेगी। इसके तहत, रैनबैक्सी के प्रत्येक 10 शेयरों के बदले शेयरधारकों को सन फार्मा के 8 शेयर दिए जाएंगे। इसके लिए रैनबैक्सी के शेयर की 475 रुपये की प्राइस को आधार माना गया था, जो कि उस दिन के बाजार भाव पर तकरीबन 18 फीसदी के प्रीमियम पर था। जापान की दाइची सैंक्यो की रैनबैक्सी में 63.7 फीसदी हिस्सेदारी है। दाइची सैंक्यो ने 2008 में ही रैनबैक्सी को मलविंदर सिंह व अन्य सिंह बंधुओं से 22,000 करोड़ रुपये में खरीदा था।

इससे पहले, एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट नरेश तेजवानी ने कहा था कि डील की घोषणा से पहले कंपनी की शेयर प्राइस में भारी मूवमेंट देखा गया।इसे देखते हुए हमनें इसकी शिकायत बाजार नियामक से करने का फैसला किया है। हम आज ही इस मामले की जांच के लिए सेबी को पत्र लिखेंगे। उधर, सन फार्मा ने कहा है कि इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी सिल्वरस्ट्रीट डेवलपर्स द्वारा बीती दो तिमाहियों के दौरान रैनबैक्सी के 1.64 फीसदी शेयर खरीदे जाने का मामला किसी भी तरह से इनसाइडर ट्रेडिंग के मानकों का उल्लंघन नहीं करता है।

## घटनाक्रम

### बीते सप्ताह

बीते सप्ताह के आखिरी तीन कारोबारी सत्रों के दौरान रैनबैक्सी के शेयर में दर्ज की गई 24% की भारी बढ़त

### सोमवार

सन फार्मा ने की 3.2 अरब डॉलर में रैनबैक्सी लैब को खरीदने की घोषणा, 10 शेयरों पर 8 शेयर देगी

### मंगलवार

ब्रोकरों के संगठनों ने रैनबैक्सी की भारी तेजी को लेकर उठाए सवाल, सेबी ने शुरू की छानबीन की तैयारी

## अमेरिकी बाजार से सन हटाएगी रैनबैक्सी ब्रांड

सन फार्मा अमेरिकी बाजार से रैनबैक्सी लैब के सभी ब्रांडों को चरणबद्ध रूप से हटाने पर विचार कर रही है।हालांकि, इस बारे में सन फार्मा के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (फाइनेंस एंड अकाउंट्स) उदय बल्दोता ने कोई साफ जवाब नहीं दिया। लेकिन, सूत्रों का कहना है कि कंपनी इस पर विचार कर रही है। साथ ही, कंपनी रैनबैक्सी के चार प्लांटों पर लगे यूएसएफडीए के प्रतिबंधों को हटवाने के लिए भी जोरदार लॉबिंग करने पर विचार कर रही है।